दिनांकः 18.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

राज्य विधानसभा की कार्रवाई आज सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ शुरू हुई। सदन में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी, जल संसाधन, जनजातीय क्षेत्रीय विकास और नगरीय विकास विभाग तथा अन्य मुद्दों से जुड़े सवाल–जवाब हुए। सदन में आज से अनुदान मांगों पर चर्चा शुरू होगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग की अनुदान मांगों को बहस के बाद पारित किया जाएगा। इससे पहले, कल बजट बहस पर उपमुख्यमंत्री और वित्तमंत्री दिया कुमारी ने राज्य सरकार की ओर से जवाब पेश करते हुए 238 नई घोषणाएं कीं। इनमें सड़क मरम्मत और सड़क निर्माण से जुड़े 133 काम शामिल हैं।

....

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज कई वैश्विक नेताओं से मुलाकात कर रहे हैं, जो एआई इम्पैक्ट समिट के लिए दिल्ली आए हुए हैं। श्री मोदी ने हैदराबाद हाउस में स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज़ से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने भारत–स्पेन साझेदारी को और मजबूत करने सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने फिनलैंड के प्रधानमंत्री एंटी पेटेरी ओर्पो मुलाकात की। दोनों नेताओं ने स्थिरता, डिजिटलीकरण, एआई अनुसंधान और नवाचारों में सहयोग पर चर्चा की। श्री मोदी आज सर्बिया के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर वुसिक, क्रोएशिया के प्रधानमंत्री आंद्रेज प्लेनकोविच, एस्टोनिया के राष्ट्रपति अलार कारिस, भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे और कजाकिस्तान के प्रधानमंत्री ओल्ज़हास बेक्टेनोव से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले आज सुबह प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गूगल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुंदर पिचाई से भी मुलाकात की।

....

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 28 फरवरी को अजमेर दौरे के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिला प्रशासन और पुलिस की ओर से सुरक्षा, यातायात और सभा स्थल से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास और पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा सहित जयपुर से पहुंचे अन्य अधिकारियों ने सभा स्थल कायड़ विश्राम स्थली का जायज़ा लिया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री इस दौरे के माध्यम से अजमेर से प्रदेश को साढे 23 हजार करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात देंगे और रोजगार उत्सव में 21 हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे।

....

प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के कारण मौसम का मिज़ाज बदल गया है। इस सिस्टम के असर से आज भी कई जिलों में बारिश का दौर जारी है। राजधानी जयपुर, चूरू, झुंझुनूं और सीकर में ओले गिरे हैं। जयपुर में सुबह 4 बजे से ही हवाओं और गरज के साथ कभी रिमझिम तो कभी तेज बारिश का सिलसिला बना हुआ है। वहीं अलवर, अजमेर, हनुमानगढ, बारां सहित कई जगह गरज के साथ बरसात हो रही है। बारिश से तापमान में गिरावट आई है और हवा में ठंडक घुल गई है। मौसम विभाग ने आज 20 से अधिक जिलों में आंधी–बारिश का ऑरेंज और येलो अलर्ट बताया है। इस दौरान कहीं–कहीं अचानक तेज हवाएं चलने और ओले गिरने की भी प्रबल संभावना है। इस बीच, बीते 24 घंटों में बीकानेर, जयपुर, भरतपुर, अजमेर और कोटा संभाग के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। जयपुर, हनुमानगढ़ और राजमसंद में 2–2 सेंटीमीटर पानी बरसा। प्रदेश में कल से अधिकतर स्थानों पर मौसम शुष्क रहने की संभावना है। हालांकि पूर्वी राजस्थान में कहीं–कहीं बादल छाये रहेंगे।

....

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मदन राठौड़ ने पत्रकारों को समाज का जागरुक प्रहरी बताया है। उन्होंने कहा कि सकारात्मक पत्रकारिता समाज में अनुशासन लाती है। श्री राठौड़ कल पाली में प्रेस क्लब कार्यालय

के नवीनीकरण के बाद आयोजित लोकार्पण समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मूल्य आधारित पत्रकारिता पर ज़ोर दिया।

....

बाड़मेर में आज से राजसखी मेला शुरू हो रहा है। 25 फरवरी तक चलने वाले इस मेले का आयोजन आदर्श स्टेडियम में किया गया है। मेले में विभिन्न जिलों की स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा बनाये गये उत्पाद और खाने–पीने की सामग्री की बिक्री की जाएगी। मेले में रोजाना सांस्कृतिक संध्याएं भी होंगी।

....